वर्ष- 3 , अंक- 06
छपरा
28 नवंबर शुक्रवार 2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## भतीजे अजित पर भड़के शरद पवार, बोले- वित्तीय आश्वासनों के आधार पर वोट मांगना गलत



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के 'वोट दो नहीं तो फंड नहीं' वाले बयान पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) के प्रमुख शरद परवार ने निशाना साधा है। शरद पवार ने कहा है कि वित्तीय आश्वासनों के आधार पर वोट मांगना बिल्कुल गलत है। पुणे जिले के बारामती में मीडिया से बातचीत के दौरान शरद पवार ने यह भी कहा कि राज्य सरकार की ओर से बारिश और बाढ़ से प्रभावित किसानों को दी गई आर्थिक सहायता नाकाफी है।

गौरतलब है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष अजित पवार ने पिछले हफ्ते बारामती के मालेगांव में मतदाताओं से कहा था कि अगर वे उनकी पार्टी के उम्मीदवारों को चुनते हैं तो वे फंड की कमी नहीं होने देंगे, लेकिन अगर वे उन्हें नकारते हैं तो वह भी नकार देंगे।

## चिंताजनक : आनुवांशिक विविधता नहीं बढ़ी तो खतरे में बाघों की आबादी



### तेजी से फैल रहा दुर्लभ काली धारियों वाला जीन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में बाघ कभी विलुप्ति के कगार पर थे पर संरक्षण अभियानों ने स्थिति बदल दी। आज देश में बाघों की संख्या तीन हजार से अधिक पहुंच चुकी है, लेकिन ओडिशा के सिमिलिपाल टाइगर रिजर्व में यही सफलता एक नए खतरे में बदल रही है। लगातार इनब्रीडिंग के कारण बाघों में दुर्लभ काली धारियों वाला जीन तेजी से फैल रहा है। वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि यदि आनुवांशिक विविधता नहीं बढ़ाई गई तो यह पूरी आबादी को नष्ट कर सकता है।


नेशनल ज्योग्राफिक के फोटोग्राफर और सीनियर रिसर्चर प्रसेनजीत यादव की रिपोर्ट के अनुसार, 1970 के दशक में सरकार ने बाघ संरक्षण के लिए राज्य-निरपेक्ष रिजर्व सिस्टम बनाया और 2005 में नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) गठित की जिसने निगरानी, साइंटिफिक मैनेजमेंट और रिजर्व्स के बीच प्राकृतिक कॉरिडोर के मॉडल पर काम शुरू किया। लेकिन सिमिलिपाल का भौगोलिक नक्शा इस सिद्धांत को चुनौती देता है। उसके पड़ोसी रिजर्व सतकोसिया में अब कोई बाघ नहीं बचा और सुंदरबन से जुड़ने वाला कोई वन-कॉरिडोर ही नहीं है। बीच में बस्तियां, शहर, कोलकाता महानगर और धान के विशाल खेत हैं जहां से बाघ गुजर नहीं सकते। नतीजा सिमिलिपाल रिजर्व एक टाइगर आइलैंड बन गया। ऐसे में जीन बार-बार मिलते रहे और एक ही नस्ल ने खुद को बार-बार दोहराना शुरू कर दिया।



### भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट तैयारः

## हमारी युवाशक्ति नई ऊंचाइयों को छू रही, स्काईरूट इन्फिनिटी कैंपस के उद्घाटन पर बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए स्काइरूट इन्फिनिटी कैंपस का उद्घाटन किया। स्काइरूट इन्फिनिटी कैंपस, अंतरिक्ष क्षेत्र में काम करने वाला एक स्टार्टअप है। पीएम मोदी ने इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि आज देश का अंतरिक्ष क्षेत्र एक अभूतपूर्व अवसर का साक्षी बन रहा है। आज भारत के स्पेस इको सिस्टम में निजी सेक्टर बड़ी उड़ान भर रहा है। स्काइरूट इन्फिनिटी कैंपस भारत की नई सोच, नवाचार और युवा शक्ति को दर्शाता है। साथ ही यह सरकार के अंतरिक्ष क्षेत्र में किए गए सुधारों को भी नतीजा है।






**पीएम मोदी ने भारत की युवाशक्ति को सराहा :**प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी युवाशक्ति की नवाचार, जोखिम लेने की क्षमता और उद्यमशीलता नई बुलंदी को छू रही है। भारत के प्राइवेट सेक्टर का अंतरिक्ष टैलेंट पूरी दुनिया में अपनी पहचान बना रहा है। आज वैश्विक निवेश के लिए भारत का अंतरिक्ष सेक्टर एक लुभावनी जगह बन रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 300 से ज्यादा अंतरिक्ष स्टार्टअप नई उम्मीद दिखा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के शुरुआती दौर, जब रॉकेट साइकिल पर ले जाए जाते थे, और अब भारत के सबसे विश्वसनीय लॉन्च व्हीकल बनकर उभरने का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि यह सफर भले ही कम संसाधनों के साथ शुरू हुआ, लेकिन विकास ने साबित कर दिया कि पक्का इरादा ही सपनों को तय करता है।

### ऐतिहासिक सुधारों का मिला फायदा

पीएम मोदी ने कहा, हमने स्पेस सेक्टर में ऐतिहासिक सुधार किए हैं, इसे प्राइवेट सेक्टर के लिए खोला है, नई स्पेस पॉलिसी बनाई है। स्टार्टअप्स और इंडस्ट्री को नवाचार से जोड़ा है, इन-स्पेस शुरू किया है। उन्होंने आगे कहा कि न्यूक्लियर सेक्टर को भी निजी क्षेत्र के लिए खोलने की योजना है।

### भारत की प्रमुख निजी स्पेस कंपनी है स्काईरूट

स्काईरूट भारत की प्रमुख निजी स्पेस कंपनी है, जिसे पवन चंदना और भरत ढाका ने शुरू किया था। दोनों IIT के पूर्व छात्र और इसरो के पूर्व वैज्ञानिक हैं। नवंबर 2022 में, स्काईरूट ने अपना सब-ऑर्बिटल रॉकेट, विक्रम-एस लॉन्च किया, और ऐसा करने वाली यह पहली भारतीय प्राइवेट कंपनी बन गई। स्काईरूट इन्फिनिटी कैंपस, कई लॉन्च व्हीकल को डिजाइन करने, विकसित करने, एकीकृत करने और परीक्षण करने के लिए लगभग दो लाख वर्ग फीट का कैंपस होगा, जिसमें हर महीने एक ऑर्बिटल रॉकेट बनाने की क्षमता होगी।

## इमरान खान जेल में, बाहर मौत की अफवाह

### जेल प्रशासन बोला- उनकी तबीयत ठीक




**इस्लामाबाद ,एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की मौत को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह तेज हो गई है। इमरान अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है। पिछले 3 हफ्तों से इमरान की बहनें उनसे मिलने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन जेल प्रशासन इसकी अनुमति नहीं दे रहा। इसके चलते से इमरान की खराब सेहत के कयास लगाए जा रहे हैं।इमरान की बहनों ने सरकार से सच बताने की मांग की है।

## दिल्ली हाईकोट बोला- क्रिकेट सट्टेबाजी से कमाया हर मुनाफा अपराध

### *कहा- यह जहरीले पेड़ की तरह, इसका फल कैसे वैध पीएमएलए में सट्टेबाजी अपराध नहीं*

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट से जुड़ी 6 याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि नेटवर्क अपराध पर खड़ा था। इसलिए इससे कमाया हर मुनाफा अपराध है। पीएमएलए

दरअसल, क्रिकेट सट्टेबाजी से जुड़े मुकेश कुमार, उमेश चौटालिया, नरेश बंसल, घनश्याम भाई पटेल और अन्य ने याचिका लगाई थी। कहा था- ईडी के जारी अस्थायी अटैचमेंट और नोटिस रद्द किए जाएं। क्रिकेट सट्टेबाजी पीएमएलए में अपराध नहीं है। उनकी संपत्ति गैर-कानूनी आय नहीं मान सकते।

हाईकोर्ट ने फैसले में कहा- दलीलें खारिज की जाती हैं। रैकेट की बुनियाद अपराध पर टिकी थी। डिजिटल फर्जीवाड़े, फर्जी केवाईसी, हवाला चेन और बिना



दस्तावेज वाले सुपर मास्टर लॉगिन आईडी मुख्य अपराध की बुनियाद हैं। यह सब जहरीले पेड़ की तरह है, जब पेड़ जहरीला हो तो फल कैसे वैध हो सकता है। हालांकि, कोर्ट ने सट्टेबाजी को जहरीला पेड़ नहीं कहा।

**PMLA अथॉरिटी में एक सदस्य का आदेश भी मान्य:**कोर्ट ने कहा कि ईडी की कार्रवाई ठोस सबूतों पर थी। पूरा रैकेट धोखाधड़ी और अवैध नेटवर्क पर आधारित था।

## दिल्ली प्रदूषण: सीजेआई बोले- हमारे पास जादू की छड़ी नहीं, जिससे आदेश जारी करते ही हवा साफ हो जाए

### एक्सपर्ट-साइंटिस्ट को समाधान खोजना चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने गुरुवार को दिल्ली-NCR में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुनवाई की। उन्होंने कहा कि हमारे पास कोई जादू की छड़ी नहीं है। मुझे बताइए कि हम क्या आदेश दे सकते हैं, जिससे हवा तुरंत साफ हो जाए।

सीजेआई ने कहा- दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) के बिगड़ने के कई कारण हैं। इस क्षेत्र के एक्सपर्ट्स और साइंटिस्ट्स ही इसका हल निकाल सकते हैं। समस्या हम सबको पता है। समाधान ढूंढने की जरूरत है। प्रदूषण का कोई एक कारण है, यह सोचना बहुत बड़ी गलती हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले



की अगली सुनवाई के लिए 1 दिसंबर की तारीख तय की। सीजेआई के साथ जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा- सोमवार को देखते हैं कि मामले पर हम क्या कर सकते हैं।


**सीजेआई ने कहा- सुबह एक घंटे टहला, प्रदूषण से तबीयत बिगड़ी:** इससे पहले बुधवार को CJI सूर्य कांत ने SIR मामले पर सुनवाई के दौरान दिल्ली प्रदूषण को लेकर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा- मैं मंगलवार शाम को एक घंटा टहलने गया। प्रदूषण की वजह से मेरी तबीयत बिगड़ गई।

CJI ने कहा- हमें जल्द इसका हल निकालना होगा। उन्होंने गंभीर वायु प्रदूषण के चलते सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई वर्चुअल मोड में शिफ्ट करने की संभावना पर विचार की बात भी कही।

## सुप्रीम कोर्ट बोला-अश्लील कंटेंट की जिम्मेदारी किसी को लेनी होगी

### गंदा कंटेंट रोकने तक लाखों लोग देख लेते हैं; सरकार 4 हफ्ते में रेगुलेशन बनाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सोशल मीडिया के कंटेंट पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि सोशल मीडिया पर डाले जाने वाले एडल्ट कंटेंट के लिए किसी न किसी को जिम्मेदार लेनी ही होगी।





सुप्रीम कोर्ट ने आज यह टिप्पणी इंडियाज गॉट लेटेंट से जुड़े केस में की। इस शो के आपत्तिजनक कंटेंट पर विवाद होने के बाद रणवीर अलाहबादिया और समय रैना जैसे कई यूट्यूबर्स को सुर्खियों में ला दिया था। कोर्ट ने कहा कि जब तक गंदा (अश्लील) कंटेंट रोका जाता है, तब तक लाखों लोग देख लेते हैं। केंद्र सरकार इस बारे में 4 हफ्तों में नियम बनाए।

## 22 दिन में 7 राज्यों में 25 बीएलओ की मौत

### मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा 9 लोगों की जान गई, यूपी-गुजरात में 4-4 मौतें

**नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी।** देश के 12 राज्यों में 51 करोड़ से अधिक मतदाताओं के घर दस्तक दे रहे 5.32 लाख से अधिक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) पर काम के दबाव का आरोप लग रहा है। SIR प्रोसेस के दौरान 22 दिनों में 7 राज्यों में 25 बीएलओ की मौत हो गई है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस ने केवल पश्चिम बंगाल में 34 लोगों की मौत का दावा किया। इन मौतों पर बंगाल, एमपी, राजस्थान, यूपी में सियासत जोरों पर है। दूसरी ओर निर्वाचन आयोग जिला और राज्यों की रिपोर्ट के इंतजार में है। आयोग के सूत्रों का कहना है कि अब तक किसी काम के दबाव से किसी मौत की पुष्टि नहीं हुई है।

पश्चिम बंगाल के मंत्री अरुप बिस्वास ने कहा है कि SIR के चलते राज्य में 34 लोगों ने जान दी। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि इसका उद्देश्य पीछे के दरवाजे से एनआरसी लागू करना और डर पैदा करना है।



वहीं भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि TMC के दबाव में फर्जी और संदिग्ध नाम जोड़े जा रहे हैं।

**एक्सपर्ट बोले- आयोग ध्यान दे तो थोड़ी आसानी हो सकती है :** पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त ओपी रावत ने कहा- आयोग ध्यान दे तो थोड़ी आसानी हो सकती है। जैसे, मध्य प्रदेश में बीएलओ को एप में कैप्चा भरना समस्या दे रहा था। उसे हटाने से काम आसान हो गया। बड़ी संख्या में फॉर्म अपलोड करने से सर्वर बैठ जाता है। ऐसे में फॉर्म अपलोड करने का काम रात में करके इसे ठीक किया गया। टीचर्स पर स्कूलों में दिसंबर में कोर्स पूरा कराने का भी दबाव है। डेडलाइन सिर पर है।

### यूपी : मरने से पहले कहा था- ओबीसी वोट काटने का दबाव

उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में सोमवार को जहर खाकर जान देने वाले बीएलओ व शिक्षक विपिन यादव के पिता सुरेश यादव ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा- बेटे ने मरने से पहले फोन पर कहा था कि एसडीएम और बीडीओ वोटर लिस्ट से ओबीसी मतदाताओं के नाम हटाने और सामान्य वर्ग के नाम बढ़ाने का दबाव बना रहे हैं। मना करने पर उसे निलंबन और गिरफ्तारी की धमकी दी गई थी। विपिन की पत्नी सीमा ने भी बताया कि अधिकारी आधार न देने वालों का नाम भी जोड़ने को कहते थे।

## यूपी में 21 बीएलओ पर एफआईआर, पुलिस से भिड़े कांग्रेसी:काशी में एसआईआर के समर्थन में उतरीं मुस्लिम महिलाएं

**लखनऊ ,एजेंसी।** यूपी में SIR ड्यूटी में लगे 4 कर्मचारियों की अब तक मौत हो चुकी है। फतेहपुर के लेखपाल और गोंडा के टीचर ने सुसाइड किया, जबकि लखनऊ में शिक्षामित्र की ब्रेन हैमरेज से और बरेली में BLO की हार्ट अटैक से मौत हुई। नोएडा की दो महिला टीचरों ने काम के दबाव में इस्तीफा दे दिया। इस बीच गाजियाबाद में बीएलओ ड्यूटी में लगे 21 कर्मचारियों पर जिला प्रशासन ने एफआईआर दर्ज कराई है। काम में लापरवाही के चलते शहर के सिहानीगेट थाने में दर्ज FIR में 4 शिक्षक भी शामिल हैं। वहीं, लखनऊ में युवा कांग्रेस के नेताओं और पुलिसकर्मियों में जमकर नोक-झोंक हुई। वो वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन के तहत कांग्रेस कार्यालय से चुनाव आयोग कार्यालय तक मार्च निकाल रहे थे। पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान कांग्रेसी बैरिकेडिंग पर चढ़ गए।




पुलिस ने घसीट-घसीट कर उन्हें नीचे उतारा और वैन में बैठाया। इस बीच गोंडा के टीचर विपिन यादव सुसाइड केस पर राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोला। उन्होंने ङ्क पर लिखा- OBC वोटरों के नाम काटो, वरना नौकरी चली जाएगी। दबाव, धमकीज और नतीजा आखिर में आत्महत्या। SIR के नाम पर पिछड़े-दलित-वंचित-गरीब वोटरों को लिस्ट से हटाकर BJP अपनी मनमाफिक वोटर लिस्ट तैयार कर रही है। ECI लोकतंत्र की हत्या की जिम्मेदार है।



## हॉन्गकॉन्ग में 77 साल में सबसे भीषण आग, 55 मौतें

### 35 मंजिल वाली 8 इमारतें जलीं, 279 अभी भी लापता, ठेकेदार समेत 3 गिरफ्तार

**हॉन्ग कॉन्ग, एजेंसी।** हॉन्गकॉन्ग में ताई पो नाम के जिलो में बुधवार दोपहर लगभग 2:51बजे (स्थानीय समयानुसार) को एक बड़े रिहायशी कॉम्प्लेक्स में आग लग गई। यह 77 साल में लगी सबसे भीषण आग बताई जा रही है। इस हादसे में अब तक 55 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 68 गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं, 279 लापता हैं। ये कॉम्प्लेक्स कुल आठ इमारतों का था, जिनमें हर इमारत 35 मंजिलों की थी। इसमें करीब दो हजार अपार्टमेंट थे। वांग फुक कोर्ट के ये टावर बांस की मचान से ढंके हुए थे।





चार इमारतों में लगी आग पर लगभग 10 घंटे बाद सुबह तक काबू पा लिया गया। तीन इमारतों में आग पर 20 घंटे बाद भी काबू नहीं पाया जा सका है। मामले में पुलिस ने ठेकेदार समेत तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है। इनपर आग के मामले में लापरवाही या गैर-इरादतन हत्या का शक जताया गया है। पुलिस ने इनके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। वहीं, 7 दिसंबर को होने वाले चुनाव से पहले चुनाव प्रचार गतिविधियां स्थगित कर दी गई हैं।

### 1948 में लगी थी भीषण आग, 176 लोग मारे गए थे

हॉन्गकॉन्ग मीडिया साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार यह आग 77 साल में सबसे भीषण आग है। इससे पहले 1948 में पांच मंजिला गोदाम में विस्फोट हुआ था। इसमें 176 लोग मारे गए थे ।

इसके बाद 1962 में शुई पो इलाके में लगी आग में लगभग 44 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, नवंबर 1996 में कोवलून में गार्ले बिल्डिंग में आग लगने से 41 लोग मारे गए थे और 81 घायल हुए थे। एक इमारत से दूसरी इमारत तक फैली आगतेज हवा और जलते हुए मलबे की वजह से लपटें एक इमारत से दूसरी इमारत तक फैलती चली गईं। जब आग भड़की, तो कई लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी क्योंकि मरम्मत की वजह से खिड़कियां बंद थीं। आग बुझाने पहुंची टीम को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई मंजिलों पर तापमान इतना ज्यादा था कि फायर फाइटर्स उन जगहों तक पहुंच भी नहीं पा रहे थे। इसी दौरान एक फायर फाइटर की मौत भी हो गई।

### सोनपुर मेले में कृषि प्रदर्शनी का मंत्री ने किया उद्घाटन

# किसानो द्वारा उत्पादित अन्न का ब्यंजन देश के हर थाली में पहुंचेः मंत्री रामकृपाल यादव




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला मे कृषि विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का का विधिवत उद्घाटन विभागीय मंत्री राम कृपाल यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर इसका शुभारम्भ किया.इसके पूर्व मंत्री ने बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पहुँच कर हरी व हर के पूजा अर्चना कर प्रदेश में सुख शांति समृद्धि की कामना की। मंत्री ने उद्घाटन के पूर्व कृषि प्रदर्शनी में लगाई गई विभिन्न स्टॉल का भी मुआयना किया.इस दौरान कृषि निदेशक नीतीन कुमार सिंह, प्रधान सचिव पंकज कुमार,अध्यक्ष राज्य किसान आयोग रूप नारायण मेहता एवं कृषि विभाग के पदाधिकारीगण के साथ साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, सहित कई अन्य एनडीए कार्यकर्ताओ के साथ किसान मौजूद थे. इस अवसर पर उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि आज मेरा यह सौभाग्य है की पदभार ग्रहण करने के बाद किसनो की सेवा के लिए विभिन्न स्थलों पर उनके उत्थान और उनके विकास के लिए काम किया जा रहा है.राज्य के विकास के लिए कृषि विभाग हर स्तर पर कम कर रही है.उनका एक छोटा सा स्वरूप इस प्रसिद्ध मेला में दिखता है. यह महान धरती पर प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए हर्ष महसूस हो रहा है.हरिहर क्षेत्र सोनपुर मे गज ग्राह की लड़ाई हुई थी भगवान गज की पुकार सुनकर स्वयं प्रकट होकर गज की रक्षा की थी. सोनपुर का मेला अपना पौराणिक धरोहर को आज भी बनाए रखा है.हरिहर क्षेत्र सोनपुर मे विश्व का प्रसिद्ध मेला है.लगातार इस मेला का लाभ लोग कृषि विभाग के प्रदर्शनी से ले रहे है.बिहार कृषि प्रधान प्रदेश है. राज्य में 76 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर है. 90 प्रतिशत किसान लघु सीमांत है सर्वाधिक किसनो की संख्या सर्वाधिक है.देश को वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री विकसित देश बनाना चाहते हैं. जब बिहार विकसित नहीं होगा तो देश विकसित कैसे होगा. कई लोग उन्नत शिक्षा प्राप्त कर किसान के रूप में काम कर रहे हैं. किसानों का मूल समस्या समय पर खाद, बीज, सिचाई,पानी की है.सरकार की योजनाएं पारदर्शी तरीके से किसानों तक पहुंचे इसका प्रयास सरकार कर रही है. किसानों के तरक्की के लिए सभी जरूरी कार्य किया जा रहे हैं. राज्य की 76त्न आबादी की आजीविका कृषि पर आधारित है. मुख्यमंत्री का यह प्रयास है की बिहार के किसानो द्वारा उत्पादित अन्न का ब्यंजन देश के हर थाली में पहुंचे.धन्यवाद ज्ञापन कृषि विभाग के पदाधिकारी ने किया.बताते चले कि मेले में जितनी भी सरकार की योजनाएं जागरूकता से संबंधित है उन सभी प्रदर्शनी का उद्घाटन मेले के 15 से 20 दिन समापन क़ो रहती है तो प्रदर्शनी का उद्घाटन होता है यह सबसे बड़ी समस्या है. समय से उद्घाटन नहीं होने के कारण लाखों लोग सरकारी योजनाओं के लाभ एवं जागरूकता से संबंधित जानकारी से वंचित हो जाते हैं। कृषि विभाग के प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन सूबे के मंत्री के द्वारा मेला उद्घाटन के 19 दिन बाद किया गया. उद्घाटन समारोह कार्यक्रम के एक दो दिन बाद भी अगर सरकारी व गैर सरकारी प्रदर्शनी का उद्घाटन होता तो निश्चित ही लाखो लोग और लाभान्वित होते।

# बाबा हरिहरनाथ कॉरिडोर निर्माण सहित अन्य योजनाओं को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** जिलाधिकारी सारण अमन समीर द्वारा अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचलाधिकारियों के साथ सोनपुर अनुमंडल कार्यालय के एसडीओ कक्षा में गुरुवार को बैठक कर बाबा हरिहरनाथ कॉरिडोर निर्माण, बी एस ए पी निर्माण, सोनपुर व्यवहार न्यायालय सरकारी आवास निर्माण, छपरा मंडल कारा निर्माण, डोरीगंज, खैरा सहित अन्य थाना भवन निर्माण, प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन निर्माण आदि हेतु भूमि चयन करने तथा भूमि अधिग्रहण करने से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। उक्त सभी परियोजनाओं हेतु एक सप्ताह के अंदर भूमि चयन/भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि सभी परियोजनाओं में निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि छपरा नगर निगम की भांति ही सभी नगर निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के महत्वपूर्ण चौक चौराहों तथा मुख्य बाजारों से एक अभियान के तहत एक माह में पूर्ण रूप से अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करें। विभिन्न परियोजनाओं के तहत भू-अर्जन की कार्रवाई में भी तेजी लाने का निर्देश दिया गया।



# सोनपुर मेले में साल दर साल गिरावट व कमियां, प्रशासन और ठेकेदार को अब स्थानीय लोग मान रहे जिम्मेदार

### मेला में शुद्ध पेय जल और शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था नहीं !

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** 32 दिनों तक लगने वाले विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले में हर साल कुछ न कुछ कमियां आ रही है जिसके कारण मेला में गिरावटे आ रही है. इसके लिए जिला प्रशासन और मेले ठेकेदार को अब स्थानीय लोग सहित मेलार्थी भी जिम्मेदार मानने लगे हैं। स्थानीय लोगो ने बताया कि जिला प्रशासन मेला के पूर्व मेला आयोजित करने को लेकर बड़ी-बड़ी बातें किया करते है लेकिन इस मेले में लाखों लोग आए और गए लेकिन उसके अनुरूप समय से प्रदर्शनी के उद्घाटन नहीं होने के अलावा शौचालय से लेकर पानी तक की व्यवस्था सही तरीके से नहीं की गई.जिसके कारण मेले के हर क्षेत्र मे गंदगी का अंबार लगा हुआ है. सड़क पर उड़ रहे धूल यह बताने के लिए काफी है की मेले में पानी का छिड़काव भी पर्याप्त रूप में नहीं किया जा रहा है.जबकि पहले मेले की साफ सफाई और पानी का छिड़काव लगातार किया जाता था. लेकिन इधर के कुछ वर्षो से मेला ठेकेदार का सिर्फ नाखास क्षेत्र पर नजर रहता है.वहीं जिला प्रशासन का भी नाखास क्षेत्र से लेकर पर्यटन विभाग के मुख्य पंडाल और अंग्रेजी बाजार अस्थाई पदाधिकारी के शिविर कैंप पर रहता है. यहां कोई सुनने और देखने वाला नजर नहीं आ रहा है.वहीं दूसरी और यहां के धर्माचार्य भी प्रशासन के रवैया से खुश नजर नहीं आ रहे है.धर्माचार्य का कहना है कि प्रशासन सब कुछ अपने सुविधा के लिए कर रखा है. जिस कारण से यह मेला में गिरावट लगातार हों रही है। यह मेला धार्मिक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मेला के रूप में पूरे दुनिया में जाना जाता है इसी के कारण इस मेले का कभी पशु मेला के रूप में दुनिया में अपनी पहचान बनी हुई थी लेकिन इधर के कुछ वर्षों में पशु आवागमन के कड़े कानून के कारण पशुओं का आवागमन कम हो गया है. साधु संतों की भी आगमन में गिरावट आ रही है क्योंकि साधु संतों की सुविधा नहीं मिल पा रही है जिसके कारण लगातार मेले में आम लोगों व विदेशी सैलानियों के आगमन में कमी होती जा रही है. इस बार तो शौचालय और पानी की भी व्यवस्था करने में अक्षम साबित रहा. शौचालय और पानी के सही व्यवस्था नहीं होने के कारण मेलार्थी पानी को खरीद कर पीने को विवश है। मेले में धीरे-धीरे गिरावट आ रही है। इसका भी एक मुख्य कारण यह है कि समय से सरकारी और अर्धसरकारी प्रदर्शनी का निर्माण एवं समयानुसार उद्घाटन नहीं होने के कारण जो भी दूर दराज से आ रहे हैं मेलार्थी आधे अधूरे प्रदर्शनी देखकर वापस घर लौट जा रहे हैं। जहां सरकार की करोड़ों रुपए खर्च प्रदर्शनी पर होती है इसका लाभ मेलार्थी नहीं उठा पा रहे है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन सब जान बुझ कर समय से भूमि का टेंडर एवं लगायी गयी प्रदर्शनी का उद्घाटन नहीं करते हैं जिसके वजह से मेला से लाखों मेलार्थी निराश होकर लौट जा रहे हैं. मेला के उद्घाटन के 19 दिन बीत गए फिर भी अभी तक स्वास्थ विभाग सहित आधे दर्जन से ऊपर प्रदर्शनी का निर्माण चल रहा है।

# सोनपुर मेला : रामायण मंचन कार्यक्रम के पांचवें दिन का गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कराया गया शुभारंभ



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर बाबा हरिहरनाथ मंदिर के प्रांगण मे हो रहे रामायण मंचन कार्यक्रम के पांचवे दिन का उद्धघाटन जय प्रकाश यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ पर्मेन्द्र वाजपेयी सारण ग्रामीण एसपी संजय कुमार और भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सोनपुर एएसपी प्रत्युष कुमार, मंदिर सचिव विजय लाला, मंदिर पुजारी सुशील चंद्र शास्त्री, पवन बाबा, संजीव सिंह, सुमंत बाबा, मोनू सिंह सचिन शर्मा सूरज सिंह सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे। रामायण मंचन को देखने के लिए काफी दूर से लोग आ रहे है और कार्यक्रम देख रहे है । रामायण का दृश्य बहुत ही मनमोहक है, लोग देखने बैठ रहे है तो जब खत्म नहीं हो रहा है तब तक देखते रह रहे है। इसके लिए लोग रामायण मंचन कमिटी को धन्यवाद दे रहे। ज्ञात हो की सोनपुर मेला आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है । वहीं पुलिस अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जिसका मॉनिटरिंग सारण एसएसपी डॉ कुमार आशीष स्वयं कर रहे है एवं सोनपुर एएसपी, सोनपुर इंस्पेक्टर राजनदन, हरिहरनाथ थानाध्यक्ष बिमलेश कुमार, पहलेजा प्रभारी अनुराधा कुमारी सहित अन्य अधिकारी निगरानी मे लगे हुए है, जिससे मेला मे लोगो को परेशानी नहीं हो।

# सोनपुर मेला अवधि तक शनिवार और रविवार को नए एवं पुराने गंडक पुलों पर बड़े वाहनों का परिचालन किया गया प्रतिबंधित

### शनिवार और रविवार को छोटे वाहन नए गंडक पुल से करेंगे आवागवन




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में अत्यधिक भीड़ होने के कारण पुलों पर आवागमन को लेकर लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसलिए इस समस्या के निदान को लेकर सोनपुर व हाजीपुर के प्रशासन ने यह निर्णय की 22 नवंबर से 10 दिसंबर तक हर शनिवार और रविवार को सुबह 8 से रात 11 बजे तक नए और पुराने गंडक पुल पर वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। केवल सरकारी वाहन तथा रोगी वाहनों को अनुमति रहेगी। छपरा से हाजीपुर आने के लिए बड़े वाहनों जो शीतलपुर, परसा, मकेर, रेवाघाट, बखरा चौक, वैशाली, लालगंज एवं भगवानपुर थाना होते हुए हाजीपुर आएंगे और जायेगे लेकिन हाजीपुर शहर में इन वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। (सिर्फ बड़े वाहनों के लिए) छोटे वाहनों का आवागमन नए गंडक पुल (एनएच-19) पर जारी रहेगा। भीड़-भाड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## ट्रेन से गिरने से युवक की मौत, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम में भेजा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक छपरा थावे रेलखंड पर मशरक के कर्ण कुदरिया गांव में ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो जाने का मामला सामने आया। मृतक गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के हमीनपुर गांव निवासी टिमल राम का 25 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार हैं। परिजनों ने बताया कि घर से ट्रेन पकड़ कमानें के लिए बाहर जा रहा था। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। मृतक अविवाहित हैं। और दो भाईयों में बड़ा हैं।

## स्कूली बच्चों ने समाज को बाल विवाह मुक्त बनाने की ली शपथ



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बोर्ड मिडिल स्कूल, कन्या मध्य विद्यालय, जगरनाथ जानकी कन्या विद्यालय और अवध उच्च विद्यालय चैनपुर चरिहारा समेत अन्य विद्यालयों में समाज को बाल विवाह मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बच्चों को बाल विवाह के प्रति क्या बुराईयों के बारे में बताया गया। यह आयोजन स्कूलों में चेतना सत्र के समय आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नारायणी सेवा संस्थान के अखिलेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। अखिलेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को बाल विवाह के संबंध में जानकारी देकर शपथ दिलायी गयी। शपथ में यह बताया गया कि बाल विवाह से सजग रहना है यह एक कानूनी अपराध है। अगर कम उम्र में आपके माता एवं पिता आपकी शादी करना चाहते हैं तो आप इस संबंध में थाना या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर यह रिपोर्ट दर्ज कर सकते हैं।

## जमीनी विवाद में 80 वर्षीय वृद्ध की गोली मारकर हत्या

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** कोपा थाना क्षेत्र के रेवाड़ी मठिया ग्राम में बीती रात एक 80 वर्षीय वृद्ध की गोली मारकर हत्या कर दिए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है।मृतक 80 वर्षीय रामाशीष राय बताए गए हैं।परिजनों के अनुसार यह घटना जमीनी विवाद मे की गई है।मृतक घर में अकेले सोए थे।जबकि उनका बेटा और पतोहू छत पर सोए थे।मृतक के नाती विकास कुमार ने बताया कि घर में वे एक कमरे में अकेले सोए थे।जमीनी विवाद में उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई।मृतक को एक बेटा व चार बेटियां हैं।कोपा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोपा थानाध्यक्ष पिंटू कुमार व एसडीपीओ एकमा ने घटना की पड़ताल की। वहीँ फोरेंसिक टीम भी पहुंचकर जांच शुरू कर दी। इस घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई है।

## मृत उपेंद्र का शव पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** गत 18 नवंबर की दोपहर सड़क दुर्घटना में घायल तुर्की पानापुर निवासी उपेंद्र का शव गुरुवार को जैसे ही उसके घर पहुंचा पुरे गांव में कोहराम मच गया.मृतक की पत्नी एवं तीन अविवाहित पुत्रियों के चीत्कार से उपस्थित हर कोई गमजदा था. मालूम हो कि गत 18 नवंबर की दोपहर उपेंद्र सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था और उसका पटना में इलाज चल रहा था जहां बुधवार को उसकी मौत हो गयी थी.गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद उसका शव घर पहुंचा था. उपेंद्र साइकिल से फेरी लगाकर बादाम और मुरब्बा बेचता था और अपने परिवार का भरण पोषण करता था . उसकी मौत के बाद सबकी जुबान पर एक ही चर्चा थी कि अब इस परिवार की देखभाल कौन करेगा.

## बच्चों के विवाद में खूनी संघर्ष, एक दर्जन से अधिक लोग घायल

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मांझी थाना क्षेत्र के छोटकी महम्मदपुर गांव में बच्चों का विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। बच्चो के मामूली विवाद में हुई मारपीट में एक पक्ष की एक महिला समेत लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए जबकि दूसरे पक्ष के दो लोग घायल है। एक पक्ष के सभी घायलों का इलाज मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दो घायलों को चिंताजनक स्थिति में छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। उधर दूसरे पक्ष के घायलों का इलाज एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष आशीष कुमार पूरे दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गये। मारपीट के बाद दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति बनी हुई है।तनाव को देखते हुए पुलिस गांव में गश्त कर रही है। मारपीट में एक पक्ष के घायलों में छोटू कुमार शर्मा उम्र 18 वर्ष,अविनाश कुमार शर्मा उम्र 22 वर्ष,गुड़िया कुमारी उम्र 20 वर्ष,पंकज शर्मा उम्र 34 वर्ष,विनय शर्मा उम्र 45 वर्ष,वीरेंद्र शर्मा उम्र 58 वर्ष,जनार्दन शर्मा उम्र 60 वर्ष,पंकज कुमार शर्मा उम्र 25 वर्ष,प्रभुनाथ शर्मा उम्र 50 वर्ष, श्रीभगवान शर्मा उम्र 46 वर्ष शामिल है।मारपीट मामले में घायल बीरेंद्र शर्मा में फर्द बयान पर बीस लोगो को नामजद करते हुए स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। नामजद सभी अभियुक्त घर छोड़ कर फरार बताए जाते है। दर्ज प्राथमिकी में आरोप है एक पक्ष के लोग तिलक समारोह में जाति सूचक भोजपुरी गाना बजाने की जिद्द पर अड़े थे। गाना बजाने से मना करने पर दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा मारपीट कर सभी लोगो को घायल कर दिया। पुलिस नमाजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## आगलगी में हजारों का समान जला

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** प्रखंड के मिर्जापुर तालपुरैना गांव में बुधवार कि देर रात आगलगी में महेश्वर महतो की फुसनुमा झोपड़ी जलकर राख हो गई। झोपड़ी में रखा कपड़ा, अनाज, फर्नीचर और बेटी की शादी का सामान सब कुछ जल कर नष्ट हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर अग्निशमन टीममौके पर पहुंची, टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित रिवार का कहना था कि किसी ने जानबुझ कर उनकी झोपड़ी में आग लगाई है। घटना को लेकर थाना में एक शिकायत भी दर्ज कराई गई है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बाइक की ठोकर से महिला घायल

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के सरकारी गाछी धेनुकी में सड़क पार कर रही एक महिला अनियंत्रित बाइक की ठोकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान धेनुकी निवासी सीताराम महतो की पत्नी सगुनी देवी के रूप में हुई। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

## मंगल गीत गायन के लिए योगियां हाईस्कूल की छात्रा प्रीति सम्मानित




**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** स्थानीय थाना क्षेत्र की असहनी पंचायत स्थित रामानंदन हाईस्कूल योगियां की वर्ग नवम् की छात्रा प्रीति कुमारी को छपरा में सम्मानित किया गया. कला संस्कृति व युवा विभाग बिहार सरकार द्वारा आयोजित छपरा में युवा महोत्सव में प्रीति ने पारम्परिक मंगलचरण गायी के गोबर महादेव अंगना लिपाई सुनी ऐ शिव ,शिव के दोहाई गीत का संगीतमय गायन किया. सारण नगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय व कला संस्कृति अधिकारी सारण डॉ विभा भारती द्वारा संयुक्त रूप से मेडल देकर प्रीति को सम्मानित किया. सम्मानित होने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक लालबाबू यादव समेत तमाम शिक्षकों ने प्रीति को बधाई दी है.

# अमनौर : तीन दिवसीय (28- 29- 30 नवंबर 2025) 28वां अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन की तैयारियां पूरी




**दैनिक खोज खबर/ अमनौर(सारण)।** शुक्रवार से अमनौर में तीन दिवसीय (28- 29- 30 नवंबर 2025) 28वां अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन की शुरुआत की जायेगी. जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है. मालूम हो कि अमनौर उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन में देश विदेश से भोजपुरी से जुड़े बड़े बड़े विद्वान ,बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित राजनेता से लेकर कवि, साहित्यकार, भोजपुरी फिल्म अभिनेता,अभिनेत्री, सांसद, मंत्री शिरकत करेंगे. जिसको लेकर अमनौर में कई तोरण द्वार बनाने गए हैं. तीन दिनों तक चलने वाली यह सम्मेलन विभिन्न सत्रों में चलेगी. आयोजन समिति के प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने बताया कि 29 नवंबर को उद्घाटनकर्ता बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा मुख्य अतिथि पथ निर्माण नगर विकास मंत्री नितीन नवीन , स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूडी, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सांसद मनोज तिवारी जैसे हस्तियां भाग लेंगे. जबकि अन्य सत्रों में भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री अक्षरा सिंह, कल्पना पटवारी ,श्रम संसाघन मंत्री संजय सिंह टाइगर, कला एवं संस्कृति मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, लोक गायक आलोक पांडेय, मास्टर विकास, उदय नारायण सिंह, कल्पना मिश्रा, मनीषा श्रीवास्तव, डॉ वीरेंद्र नारायण यादव वहीं 30 नवंबर को उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिंहा, कोयला राज्य मंत्री (भारत सरकार) सतीश चंद्र दुबे सहित कई नामचीन हस्तियां भाग लेगे. गुरुवार को आयोजन समिति के अध्यक्ष एमएलसी डॉ संजय मयूख मौके पर पहुंच तैयारी की समीक्षा किया. वहीं इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों से इसमें भाग लेने की अपील किया. इस मौके पर छपरा विधायक प्रतिनिधि धर्मेंद्र साह, भाजपा नेता कृष्ण कुंतल समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हत्यारोप : संदिग्ध परिस्थिति में नवविवाहिता की शव बरामद

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के गवंद्री गांव में गुरुवार में पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में एक नवविवाहिता की शव बरामद किया है। घटना को लेकर आसपास में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। स्थानीय लोग दबीजुबान नवविवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कह रहे है। जबकि, मृतिका के मायके वाले द्वारा ससुराल वालों पर दहेज के लिए गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाए है। मृतिका गवंद्री गांव निवासी मुकेश महतो की 23 वर्षीय पत्नी कविता कुमारी बताई गई है। मृतिका के मायके वैशाली जिले के एकहरा गुमटी गांव निवासी व चचेरे भाई मिथलेश कुमार ने बताया कि उनकी बहन काजल की शादी गवंद्री के गोरख महतो के पुत्र मुकेश महतो के साथ मई 2025 में हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। मृतका की मां मंजू देवी ने आरोप लगाया कि शादी के समय उन्होंने अपनी सामर्थ्य के अनुसार बेटी को उपहार स्वरूप सोने-चांदी के गहने व नगदी दिए थे, लेकिन ससुरालवाले दहेज में तीन लाख रुपए नहीं मिलने के कारण उनकी बेटी को बार-बार प्रताड़ित करने लगे। और शादी के छह माह बाद काजल की सास, ससुर और तीन ननदों ने मिलकर रस्सी से उसकी गर्दन दबाकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही मृतिका के मायके वाले मौके पर पहुंचे और तरैया थाना पुलिस को जानकारी दी। थानाध्यक्ष धीरज कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए छपरा भेज दिया है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही मढ़ौरा 2 एसडीपीओ संजय कुमार सुधांशु और एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। मामले में थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मामले का खुलासा हो जाएगा कि नवविवाहिता की हत्या है या उसने आत्महत्या की है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की गहन से जांच कर रही है।

## हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए सारण से अनुष्का, हिमांशु, शिवम् का चयन



**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** 35वीं सब जूनियर नेशनल कबड्डी चैम्पियनशिप का आयोजन हरियाणा में 27 -30 नवम्बर 2025 के बीच किया जा रहा है । उक्त खेल प्रतियोगिता में बिहार राज्य की टीम भाग ले रही है जिसमें सारण ज़िले से बालक वर्ग में 2 और बालिका वर्ग में 1 खिलाड़ी का चयन हुआ है । बालक वर्ग में हिमांशु कुमार और शिवम् कुमार जबकि बालिका वर्ग में अनुष्का सारण से चयनित की गई है ।इस बात की जानकारी सारण ज़िला कबड्डी संघ के सचिव पंकज कश्यप ने दी ।श्री कश्यप ने बताया कि तीनों खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया था जिसके आधार पर इन्होंने 15 दिवसीय कैंप में भी भाग लिया । कैंप में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बिहार टीम में खेलने का मौक़ा मिला । तीनों खिलाड़ियों के बिहार टीम में शामिल होने पर सारण ज़िला कबड्डी संघ के संरक्षक डॉ सुरेश प्रसाद सिंह ,डॉ हरेंद्र सिंह ,डॉ देवकुमार सिंह अध्यक्ष रमाकान्त सिंह सोलंकी, उपाध्यक्ष विकास सिंह, सभापति बैठा, राकेश सिंह, सुशील जी, प्रमोद जी, सूरज जी, कौशलेंद्र जी सहित कबड्डी संघ के सभी पदाधिकारियों और कोच दीपक सिंह, दीपू सिंह ,रोहित सिंह ,ऋषिकेश ने शुभकामनाएँ प्रेषित किया और कहा कि यह अत्यंत ही हर्ष का विषय है । सारण ज़िला कबड्डी संघ के अध्यक्ष रामाकांत सिंह सोलंकी ने कहा कि संघ सारण में कबड्डी के विकास और खिलाड़ियों के मूलभूत सुविधाओं के लिए तत्पर है जिसका परिणाम आप सबो के सामने है ।

## सर्टिफिकेट में त्रुटि को लेकर जेपीयू कुलपति से भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल मिला

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** गुरुवार को सामाजिक संगठन भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रमेंद्र कुमार बाजपेई से मिला। भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष अमित नयन ने जेपीयू कुलपति से मांग की है कि गूगल फॉर्म के द्वारा डिग्री प्रदान करने की गति को तीव्र करने की आवश्यकता है। ताकि छात्र-छात्राओं को मूल प्रमाण पत्र एक माह के अंदर उन सभी को मिल सके। उन्होंने बताया कि अभी तक गूगल फॉर्म के माध्यम से डिग्री जो बना है वह सीरियल के अनुसार जून माह तक ही डिग्री की प्रिंटिंग और फाइनल सबमिशन हुआ है। ऐसी स्थिति में छात्रों को समय पर डिग्री उपलब्ध नहीं हो पा रही है जिससे नौकरी के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन में उन्हें भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। साथी साथ उन्होंने युजी एवं पीजी के विभिन्न करो के त्रुटि पूर्ण अंक पत्रों को शीघ्रतापूर्वक सुधार कर महाविद्यालय में भेजने की मांग कुलपति महोदय से की है। कुलपति महोदय ने ढेर माह के अंदर सभी पेंडिंग देरी सर्टिफिकेट को छात्रों के बीच प्रदान करने की बात कही है। साथ हीं त्रुटिपूर्ण अंकपत्र सुधार होकर दस से पंद्रह दिनों के अंदर महाविद्यालय जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष अमित नयन एवं अमृत मौर्य शामिल थे।

## पितामह प्रीमियर लीग : मुज्जफरपुर और मकेर के बीच फाइनल मैच आज

### दूसरे सेमीफाइनल में मुजफ्फरपुर की टीम ने बलहा को हराया



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** पितामह प्रीमियर लीग के दूसरे सेमीफाइनल में मुजफ्फरपुर की टीम ने बलहा को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुजफ्फरपुर की टीम ने 14 ओवर में 174 रन का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। टीम के तुषार कुमार ने 26 गेंदों पर 90 रन की तूफानी पारी खेलकर दर्शकों में खूब रोमांचित किया। जबाब में बलहा की टीम निर्धारित ओवरों में 142 रन पर ऑल आउट हो गी। इसके पूर्व पहले सेमीफाइनल में मकेर की टीम ने बनियापुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। बनियापुर की टीम ने पहले खेलते हुए निर्धारित ओवर में 116 रन बनाया था। जबाब में मेकर की टीम ने 12 ओवरों में ही निर्धारित 117 रन बनाकर फाइनल में प्रवेश कर लिया था। पहले फाइनल में मकेर की ओर से मृत्युंजय कुमार जबकि दुसरे फाइनल में मुजफ्फरपुर के तुषार कुमार को मैन ऑफ द मैच दिया गया। आयोजक नीरज कुमार ने बताया कि ग्रामीण प्रतिभा को आगे लाने के उद्देश्य से आयोजित यह पितामय प्रिमियर लीग सफल बन रहा है। मैंच के देखने के लिए काफी संख्या में लोग जमा हो रहे जिससे खिलाड़ी काफी उत्साहित हो रहे है। बताया कि 28 नवंबर को मुजफ्फरपुर बनाम मकेर के बीच फाइनल खेला जाएगा। फाइनल में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक जितेंद्र कुमार राय, बिहार प्रदेश मुखिया संघ अध्यक्ष मिथलेश राय, पितामह पैलेस के सुरेंद्र प्रसाद सिंह, भावलपुर के मुखिया प्रतिनिधि भोलू सिंह, नौतन मुखिया मिथलेश सिंह, नौतन बीडीसी रजनीश कुमार सिंह और आयोजनकर्ता नीरज सिंह शामिल होंगे।

## छपरा विधायक छोटी ने श्रम सचिव से की मुलाकात, प्रवासी मजदूरों को आर्थिक सहायता देने की मांग



**दैनिक खोज खबर छपरा/पटना।** छपरा विधायक छोटी ने मंगलवार को श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद से मुलाकात कर बाहर राज्यों में काम कर रहे प्रवासी मजदूरों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। विधायक ने विशेष रूप से उन मजदूरों के लिए आर्थिक सहायता, बीमा लाभ और समय पर सरकारी योजनाओं की सुविधा सुनिश्चित करने की मांग की, जो दुर्घटना या बीमारी की स्थिति में संकट का सामना करते हैं। बैठक में विधायक छोटी ने छपरा में ई-श्रम कार्ड और निर्माण श्रमिक बोर्ड रजिस्ट्रेशन के लिए शिविर लगाने, स्थानीय स्तर पर श्रमिक सहायता डेस्क स्थापित करने तथा कौशल विकास से जुड़े कार्यक्रमों को मजबूत करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में मजदूर रोजगार की तलाश में देश के विभिन्न राज्यों में जाते हैं, इसलिए उनके लिए सुरक्षा एवं सहायता व्यवस्था सुदृढ़ होना आवश्यक है। श्रम सचिव दीपक आनंद ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया और कहा कि प्रवासी मजदूरों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाएगा।



# रघुनाथपुर में नकाबपोश छह बदमाशों ने हथियार के बल आभूषण दुकान से की 50 लाख की लूट, इलाके में दहशत

**परवेज अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** रघुनाथुपर थाना क्षेत्र टारी बाजार में गुरुवार की दोपहर दिनदहाड़े दो बाइक पर सवार छह नकाबपोश बदमाशों ने कृष्णा ज्वेलर्स की दुकान में हथियार के बल पर करीब 50 लाख की सोना-चांदी के आभूषण की लूट कर ली। घटना को अंजाम देकर बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए टारी बाजार होकर पूरब दिशा की ओर फरार हो गए। फायरिंग की आवाज सुनकर बदमाशों को पकड़ने के लिए स्थानीय लोग सामर्थ्य नहीं जुटा पाए। वहीं कुछ लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर इसे इंटरनेट मीडिया में प्रसारित कर दिया। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को मिलने के साथ ही इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष डा. मनोज कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच मामले जांच में जुट गए। वहीं एसपी मनोज तिवारी भी घटनास्थल पर पहुंच कर जांच के बाद संबंधित पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिया। वहीं सूचना प्रेषण तक मामले में प्राथमिकी नहीं हुई थी। पीड़ित व्यवसायी कृष्णा सोनी ने बताया कि वह दुकान पर थे। एक महिला ग्राहक को आभूषण दिखा रहा था। तभी तीन युवक दुकान के अंदर आए और हथियार के बल पर लूट -पाट करने लगे। दो बदमाश बाइक पर थे, जबकि एक बदमाश दुकान के आगे सड़क पर फायरिंग कर रहा था। लूटे गए आभूषण का आकलन किया जा रहा है लेकिन लगभग 50 लाख के आसपास के आभूषण की लूट हुई है। इस संबंध में एसपी ने बताया कि कुछ संदिग्ध में हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गिरोह की पहचान हो गई है, जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।





## रंगोली बना बच्चों ने दिया नशा मुक्ति का संदेश

**आंदर(सिवान)।** आंदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय रकौली परिसर में बुधवार की संध्या प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार सिंह की अध्यक्षता में संविधान दिवस व नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा सात की प्रिया सिंह, मोती कुमारी,रोशनी कुमारी व दिव्या कुमारी ने मनभावन रंगोली बनाकर नशा मुक्ति का संदेश दिया।प्रधानाध्यापक ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए हम सभी को अपने परिवार एवं आस-पड़ोस के लोगों को भी नशा मुक्ति का संदेश देना है। नशा से होने वाले नुकसान की भरपाई कोई नहीं कर पाता। हम सभी को नशा नहीं करना है और न ही करने देना है। इसके लिए सभी को जागरूक करना है।इस दौरान शिक्षक विमलेश कुमार यादव,रंजू कुमारी, प्रीति कुमारी,नेहा कुमारी,सावित्री कुमारी समेत दर्जनों छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## मानव बल के मृत्यु पर शोकसभा का आयोजन

**महाराजगंज (सिवान)।** विद्युत मानव बल दिलीप कुमार की बुधवार को दारौंदा थाना के रामगढ़ा में करंट की चपेट में आने से मृत्यु हो गई थी। उनके मृत्यु पर महाराजगंज विद्युत उपकेंद्र पर गुरुवार को शोकसभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। दिलीप कुमार 2014 से मानव बल के रूप में कार्यरत थे। उनके निधन पर कनीय विद्युत अभियंता आशीष रंजन,मानव बल छोटू सिंह, राकेश कुमार,हैप्पी कुमार, हरेंद्र कुमार,पेटु, टुन्ना,रामधन प्रसाद सहित विद्युत कर्मियों आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## छिनतई मामले में सीसी कैमरा का फटेज को खंगाल रही पुलिस

**महाराजगंज (सिवान)।** महाराजगंज शहर के अतिव्यस्त ग्रामीण बैंक के सामने बैंक से पांच लाख रुपये की निकासी कर घर जा रही एक महिला से दो अपाची मोटरसाइकिल पर सवार चार बदमाशों ने पीछा कर झपट्टा मार कर रुपये की छिनतई की थी। पुलिस बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि अगल बगल के दुकानों में लगे सीसी कैमरा के फुटेज को खंगाला जा रहा है। सभी दुकानदारों को सीसी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया है।

## महिला से 50 हजार छीन बदमाश हुए फरार

**भगवानपुर हाट (सिवान)** प्रखंड मुख्यालय के भगवानपुर गांव में अवस्थित बंधन बैंक से 50 रुपया निकासी कर अपने पुत्र के साथ घर जा रही एक महिला से बाइक सवार बदमाशों ने रुपया सहित थैला छीन लिया और फरार हो गए । घटना बुधवार के शाम करीब पांच बजे की बताई जा रही है। घटना के संबंध में पीड़ित महिला थाना क्षेत्र के खैरवा निवासी हरेंद्र राय की पत्नी फुलपति देवी ने बताया कि वह बुधवार को बंधन बैंक से पचास हजार रुपया लोन का निकासी कर अपने पुत्र सुनील कुमार राय के साथ साइकिल से घर जा रही थी । एनएच 331 पर सारीपट्टी गांव के पास बाइक पर बदमाशों ने रुपया सहित थैला छीन लिया और फरार हो गए । ग्रामीणों ने बदमाशों का पीछा किया लेकिन वह भागने में सफल रहे । इस संदर्भ में महिला ने थाने घटना की शिकायत की । शिकायत पर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह त्वरित करवाई करते हुए बैंक पहुंचे । प्रबंधक सहित अन्य कर्मियों से पूछताछ की तथा प्रबंधक सुमित कुमार साह को , क्षेत्र प्रबंधक विनीत कुमार पांडेय , कर्मी धर्मेंद्र कुमार तथा मनीष कुमार को थाने ले जाकर पूछताछ किया। प्रबंधक ने बताया कि उक्त महिला को टी फाइव लोन के लिए एक लाख रुपया स्वीकृत किया गया था । वह बुधवार को जब बैंक आई तो कागजी करवाई कर बुधवार को बुलाया गया । बुधवार को महिला को शाम 4 =38 मिनट पर 50 हजार रुपया दिया गया । थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया पुलिस घटना के उद्भेदन में जुटी है । प्रबंधक से पूछताछ जारी है ।

## अलग अलग जगह से शराब पीने के आरोप में दो पकड़ाए

**सिसवन (सिवान)।** चैनपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए शराब पीने के आरोप में चैनपुर निवासी राजेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित को पूछताछ के बाद कोर्ट भेज दिया गया। चैनपुर थाना अध्यक्ष विजय रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि चैनपुर क्षेत्र में कुछ लोग शराब पी रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की और राजेश कुमार को को नशे की हालत में पकड़ लिया। वहीं दूसरी ओर ग्यासपुर लेवारी गांव से शराब पीने के आरोप में अनूप कुमार को पुलिस ने दबोच लिया। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ग्यासपुर लेवारी गांव में कुछ लोग शराब पी रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की और अनूप कुमार को लड़खड़ाते हालात में पकड़ा गया और उसकी जांच कराने के बाद कोर्ट भेज दिया गया।

## पुलिस की उपस्थिति में ई किसान भवन पर हुआ बीज वितरण

**भगवानपुर हाट ( सिवान )।** प्रखंड परिसर में स्थित ई किसान भवन में गुरुवार को गेहूं बीज वितरण की सूचना मिलने पर गेहूं बीज के लिए किसानों की भीड़ उमड़ गई। प्रखंड क्षेत्र के दूर दराज गांव से किसान गेहूं के बीज के लिए सुबह में ही पहुंच लाइन में लग गए और अपनी बारी का इंतजार करने लगे। अधिक भीड़ होने के कारण किसानों के बीच अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हों गई । इसके बाद पुलिस बल की उपस्थिति में बीज वितरण हुआ । गेहूं बीज के साथ मक्का का बीज भी लेना अनिवार्य होने के कारण किसानों में नाराजगी हो गई। किसानों का कहना था कि गेहूं बीज के साथ मक्का बीज लेने के लिए दबाव बनाना जुर्म है। जानकारी के अनुसार एक पंचायत में 1.25 क्विंटल मक्का का बीज किसानों के बीच वितरण करना हैं, जिसमे एक किलो मक्का बीज के एवज में 150 रुपया लेना हैं।इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी यदुनंदन वर्मा ने बताया की कृषि विभाग ने किसानों को गेहूं बीज के साथ मक्का का बीज लेना अनिवार्य बना दिया है। यह सरकार के तरफ से ही व्यवस्था की गई हैं।

## सड़कों पर स्पीड ब्रेकर के निर्माण में मानकों का नहीं किया जा रहा पालन

**सिवान।** सड़कों पर दुर्घटनाएं रोकने के लिए बनाए गए गति अवरोध (स्पीड ब्रेकर) ही अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं। ब्रेकरों के निर्माण में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे न सिर्फ यात्रियों की रीढ़ व कमर की हड्डी में जर्क लगने से पीठ दर्द की समस्या बढ़ रही है, बल्कि आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। ब्रेकर भी इस तरह के बनाए गए हैं कि वह किसी मायने में आरामदायक साबित नहीं हो रहे हैं। इसकी लंबाई व ऊंचाई परेशानी का सबब बनने लगी हैं, क्योंकि अवैध और मानक-विहीन स्पीड ब्रेकर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं, अक्सर बिना अनुमति के बनाए जाते हैं। इन स्पीड ब्रेकरों की ऊंचाई और डिजाइन अक्सर गलत होते हैं, जिससे वाहन चालक जोखिम में पड़ते हैं और दुर्घटनाएं होती हैं। लोग मनमानी से बेतरतीब स्पीड ब्रेकर बनवा लेते हैं, जो दूर से नजर ही नहीं आते। रात के अंधेरे में तो बिल्कुल भी नहीं दिखते। ब्रेकर की हाइट भी इतनी होती है कि गाड़ी गुजरते वक्त उछल जाती है। इससे विशेषकर बाइक सवार संतुलन खोकर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। तीन पहिया और चार पहिया वाहनों का भी संतुलन बिगड़ता है। अधिकांश स्पीड ब्रेकर में सफेद या पीला पेंट नहीं किया गया हैं। मानक के अनुसार स्पीड ब्रेकर की ऊंचाई अधिकतम चार इंच होनी चाहिए, जिसमें दोनों ओर ढलान हो और उचित चेतावनी चिह्न लगे हों।

## अपहरण कर हत्या की आशंका, पांच को आरोपित किया

**दारौंदा (सिवान)।** दारौंदा थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती के अपहरण कर हत्या किए जाने की आशंका को लेकर उसके भाई ने थाने में प्राथमिकी कराई है। इस संबंध में र दरौंदा थाना कांड संख्या 571/25 दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में सोनू मियां ने बताया कि उनकी बहन 26 नवंबर की सुबह घर से बाहर शौच के लिए गई थी, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी वापस नहीं लौटीं। परिजनों ने जब खोजबीन की तो कहीं सुराग नहीं मिला। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि गांव के अजीत कुमार शाह ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर पहले बहला-फुसलाकर उनकी बहन का अपहरण किया। इस मामले में पारस शाह, विकास कुमार, रामसागर साह और आजादी शाह को भी नामजद आरोपित किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, जब वे बहन के बारे में जानकारी लेने अजीत कुमार शाह के घर गए तो उनके साथ मारपीट की गई और धमकियां दी गईं। दारौंदा पुलिस का कहना है कि सभी आरोपों की जांच की जा रही है और युवती की तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

## जंक्शन पर आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां घंटों विलंब से पहुंची

**सिवान।** जिले में शीतलहर तथा कोहरे का असर ट्रेन परिचालन पर दिखने लगा है। सुपरफास्ट व एक्सप्रेस ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं चल रही हैं। जंक्शन से गुजरने वाली करीब आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें गुरुवार को विलंब से चलीं। इनमें वैशाली सुपरफास्ट सहित कई ट्रेनों एक घंटे से दस घंटे तक लेट रही हैं। ट्रेनों के लेट होने के कारण गाड़ियों के इंतजार में यात्रियों को जंक्शन पर घंटों ठिठुरना पड़ा। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामान करना पड़ा। गुरुवार को 15708 आम्रपाली एक्सप्रेस आठ घंटे दस मिनट, 14006 लिच्छवी एक्सप्रेस एक घंटे, 12554 नई दिल्ली-ललितग्राम वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस छह घंटे 47 मिनट, 04450 नई दिल्ली-दरभंगा पूजा स्पेशल आठ घंटे 45 मिनट, 15034 लखनऊ जं.-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस एक घंटे बीस मिनट, 55056 गोरखपुर-छपरा पैसेंजर एक घंटे, 04454 नई दिल्ली - मानसी महोत्सव विशेष ट्रेन छह घंटे बीस मिनट, 04453 मानसी-नई दिल्ली त्योहार विशेष एक्सप्रेस पांच घंटे 18 मिनट, 02569 दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल तीन घंटे, 02563 बरौनी-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल दो घंटे 40 मिनट, 13019 बाघ एक्सप्रेस दो घंटे दस मिनट, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन हमसफर स्पेशल 11 घंटे 50 मिनट, 02564 नई दिल्ली-बरौनी क्लोन हमसफर स्पेशल आठ घंटे, 13020 बाघ एक्सप्रेस चार घंटे 47 मिनट, 12553 ललितग्राम-नई दिल्ली वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस 60 मिनट, 14604 अमृतसर-सहरसा जनसाधारण एक्सप्रेस (अनारक्षित) नौ घंटे 33 मिनट, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन हमसफर स्पेशल दस घंटे, 11123 ग्वालियर-बरौनी मेल छह घंटे, 12204 गरीब रथ एक्सप्रेस नौ घंटे के लेट से सिवान जंक्शन पहुंची। इसके अलावा अन्य ट्रेनें भी विलंब से चलीं।

## चोरी की स्कार्पियो के साथ एक गिरफ्तार

सिवान। महादेवा थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के हकाम हाईवे के समीप से एक चोरी की स्कार्पियो बरामद करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चालक मैरवा निवासी उमेश कुमार है। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष विनीत कुमार विनायक ने बताया कि हकाम हाईवे पर वाहन जांच के दौरान एक स्कार्पियो को रोक कर जांच की गई तो स्कार्पियो चोरी का निकाला। इसके बाद उसे जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बरामद गाड़ी की जांच की जा रही है कि स्कार्पियो किसकी है और कहां की है।

## ललिता बस स्टैंड :50 पुड़िया गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के ललित बस स्टैंड से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 50 पुड़िया गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जिसे पुलिस ने पूछताछ के बाद गुरुवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार थाना क्षेत्र के लखराव निवासी हीरा लाल यादव का पुत्र राहुल कुमार यादव के रूप में हुई है। बरामद गांजा की मात्रा दो सौ ग्राम है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि थाना के पुअनि पिंटू कुमार बुधवार को सशस्त्र बल के साथ थाना से वाहन चेकिंग एवं छापेमारी के लिए प्रस्थान किए थे। वाहन चेकिंग के क्रम में गुप्त सूचना मिला कि बस स्टैंड के पूर्वी गेट के पास राहुल कुमार यादव द्वारा स्मैक व नशीली पदार्थ बेचा जा रहा है। नशीली पदार्थ होने की संभावना होने पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति हेतु अनुमंडल पदाधिकारी सदर को अनुरोध पत्र भेजते हुए पुलिस बल के साथ ललित बस स्टैंड खुर्माबाद स्थित पूर्वी गेट के पास पहुंचे तो एक व्यक्ति अपने हाथ में एक झोला लेकर पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। उसे पकड़ लिया गया। पकड़ा गया व्यक्ति राहुल कुमार यादव था।

## 24 घंटे के विशेष अभियान में 24 गिरफ्तार

**सिवान।** पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 24 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलान्तर्गत विशेष अभियान के दौरान 24 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि इस दौरान हत्या के कांड में दो, हत्या के प्रयास में दो, एनडीपीएस एक्ट के कांड में एक, विविध के कांड में चार, शराब के कांड में 15 गिरफ्तारी की गई। वहीं 52.4 लीटर देशी व 5.47 लीटर विदेशी शराब जब्त किया गया। जबकि 49 वारंट व तीन कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि दो लाख 83 हजार रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। वहीं एक दो पहिया वाहन, चांदी एवं सोने का जेवरात, चार मोबाइल, 93 हजार तीन सौ नकद राशि व दो सौ ग्राम गांजा को बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर काल करें।

## बिहार में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं- मंगल पांडेय

**परवेज अख्तर/सीवान।** स्वास्थ्य सह विधि मंत्री सह सदर विधायक मंगल पांडेय ने गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के सरावे, कैराताल, पाचावरा, मुड़ा, पीदौरी, ठाकुर पचलखी, सलेमपुर इत्यादि गांव का भ्रमण किया। वहीं लोगों को धन्यवाद दिया। कहा कि बिहार की जनता ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत किया। बिहार की जनता ने चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा, जितन राम मांझी जैसे नेताओं पर भरोसा जताया। पुनः बिहार में सेवा करने का मौका दिया। अब बिहार में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। एनडीए के सरकार में सिवान के लाल को मंत्री परिषद में मंत्री के रूप में काम करने का मौका मिल रहा है। मैं अपने आप को सिवान का सेवक समझता हूं। मैंने पहले भी सिवान की सेवा सिवान का बेटा बनकर किया हूं और आगे भी सिवान के लिए मैं दोगुना ऊर्जा के साथ काम करूंगा। बिहार में 26 हजार पदों पर डाक्टर, नर्स, टेक्नीशियन के बहाली स्वास्थ्य विभाग से होने जा राह है। जिससे बिहार के सभी मरीजों को फायदा होगा। बिहार से अपराध खत्म हुआ है। कार्यक्रम व्यास सिंह, रिजवान अहमद, मुकेश कुमार बंटी, आदित्य कुमार पाठक, विनोद कुमार दुबे, सोनू सिंह आदि उपस्थित थे।

## प्रेम प्रसंग में हुई थी शहनाज की हत्या नकद व गहना सहित दो गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/ सीवान।** बडहरिया थाना क्षेत्र के बसावन बारी गांव में 21 नवंबर की रात एक महिला का शव पुलिस ने संदिग्ध स्थिति में बरामद किया था।महिला की हत्या कर शव को फेंक दिया गया था।मामले में पुलिस ने जांच करते हुए हत्याकांड का उद्भेदन कर दिया। इस मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के पास से पुलिस ने 93 हजार 300 रुपये नकद व पांच लाख से अधिक के गहने को बरामद किया है। जानकारी के अनुसार 23 नवंबर को मृतका शहनाज के पति मुन्ना शाह द्वारा प्राथमिकी कराई गई, प्राथमिकी दर्ज करने के बाद अनुसंधान प्रारंभ किया गया। पुलिस ने इस मामले अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया । गठित टीम द्वारा तकनीकी और मानवीय साक्ष्य के आधार पर कांड का उद्भेदन किया गया। अनुसंधान के क्रम में यह पाया गया कि शहनाज खातून बसावन बारी गांव की रहने वाले थी और बगल के ही छत्तीसी गांव के एक लड़के सैफ अली खान से उसका कुछ दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 21 नवंबर की रात सैफ अली शहनाज से मिलने गया था और गहने की लालच में पड़ उसकी हत्या कर दी। इसके बाद घर में रखे सभी जेवरात और रुपये के साथ लेकर फरार हो गया। जांच में यह पाया गया कि दोनों शादी करने की तैयारी में थे लेकिन सैफ की नीयत रुपयों और गहनों को देख बदल गई और उसने अपने सहयोगी रेयाज अहमद के साथ मिलकर उसकी गला घोंट कर हत्या कर दी। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि सैफ अली खान बाहर रहता था और शहनाज से मोबाइल पर हमेशा बातचीत करता था, बातचीत के क्रम में सैफ अली खान नौ नवंबर को दुबई से मुंबई, मुंबई से लखनऊ लखनऊ से गोरखपुर आया। वहीं पर एक नया सिम लिया इस सिम से बात करता था, बात करने के दौरान शादी करने की नीयत से वह 21 की रात को घर में प्रवेश किया। गहना और पैसे की लालच में अपने सहयोगी नबी अहमद के पुत्र रेयाज अहमद के साथ मिलकर शहनाज की गला घोंट कर हत्या कर दी। बताया कि सैफ अली और रेयाज को सिवान के एक होटल में पकड़ा गया इनके पास से रुपये व गहने बरामद हुए। दोनों को पूछताछ के बाद गुरुवार की शाम जेल भेज दिया गया। सैफ का सहयोगी रियाज फर्नीचर की दुकान चलाता था। थानाध्यक्ष ने बताया कि सैफ अली के पास से दो मोबाइल एक पासपोर्ट मिला है।

## पचरुखी : खेत से युवती का अर्द्धनग्न शव बरामद, इलाके में दहशत तो स्वजनों में कोहराम

**परवेज अख्तर/सीवान।** पचरुखी थाना क्षेत्र के बरियापुर गांव के खेत से गुरुवार की सुबह 18 वर्षीय युवती का अर्द्धनग्न शव बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्वजन मौके पर पहुंचे और दहाड़ मार कर रोने लगे। जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की काफी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना मिलने पर पचरुखी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दी। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, जहां जांच के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य संकलन में जुट गई। पुलिस जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि मृत युवती का कपड़ा और चप्पल थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव से बरामद हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार महिलाएं जब सुबह शौच के लिए खेत की ओर गईं तो अरहर के खेत में युवती का शव देखा। मामले में मृत युवती की दादी ने बताया कि 25 नवंबर को स्थानीय थाने में आवेदन दी थी। आवेदन में उन्होंने बताया था कि 25 नवंबर की संध्या करीब चार बजे उनकी पोती शौच के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। स्वजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन सुबह करीब 8 बजे खोजबीन के दौरान गोपालपुर के अरहर खेत से पूजा के कपड़े और चप्पल मिले, जिसकी सूचना तत्काल थाना को दी गई थी। अपने आवेदन में गांव के ही अक्षय लाल मांझी के पुत्र टकला और उत्तम सिंह पर आरोप लगाए हैं। स्वजनों का आरोप है कि समय रहते पुलिस त्वरित कार्रवाई करती तो इस घटना को रोका जा सकता था।

